## संपादकीय

# वाम गढ़ में राहुल

भले ही वायनाड से भी कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा करके पार्टी कई प्रतीकों के रूप में लाभ उठाने की कोशिश कर रही हो, मगर राजग के खिलाफ गठबंधन की गांठें भी खुलती दिखाई दे रही हैं। वाम दलों की तल्ख प्रतिक्रिया से इसके निहितार्थ समझे जा सकते हैं। केरल के मुख्यमंत्री और सीपीएम नेता पिनारई विजयन ने सवाल उठाया है कि क्या कांग्रेस वाम मोर्चे जैसे लोकतांत्रिक व धर्मनिरपेक्ष दलों के खिलाफ जाकर वाकई भाजपा को चुनौती दे रही है? नि:संदेह वायनाड से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने को वाम मोर्चे को चुनौती देने के रूप में देखा जा रहा है वहीं इस फैसले का क्या यह निष्कर्ष निकाला जाए कि अमेठी में स्मृति ईरानी की चुनौती भारी पड़ रही है? पिछले लोकसभा चुनाव में भले ही स्मृति ईरानी हारी थी मगर उन्होंने हार के अंतर को कम किया था। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी की जीत का?अंतर जहां साढ़े तीन लाख था वहीं यह अंतर 2014 में घट कर एक लाख रह गया था। सुल्तानपुर सीट से मेनका गांधी का उतरना भी अमेठी की हवा को प्रभावित कर सकता है। क्या कांग्रेस राहुल की राष्ट्रीय छवि बनाने और दक्षिण भारत में कांग्रेस के दरकते जनाधार को थामने की कोशिश कर रही है?

नि:संदेह वायनाड की लोकसभा सीट कांग्रेस का सुरक्षित गढ़ माना जाता है। वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई इस सीट पर पिछले दो चुनाव कांग्रेस ने जीते। फिलहाल सांसद के निधन के बाद सीट खाली है, जिसको लेकर कांग्रेसी दिग्गजों में भारी गुटबाजी देखी जा रही थी। इस सीट पर राहुल को उतारकर पार्टी ने इस गुटबाजी को भी रोका है। दरअसल, जातीय समीकरणों के हिसाब से देखें तो यह जनजातीय बहुल क्षेत्र है। यहां हिंदू आबादी पचास फीसदी से कम है। जबकि यूडीएफ में कांग्रेस के साथ इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग है। ईसाई जनमत का रुझान भी कांग्रेस की तरफ रहा। कांग्रेस का मुख्य मुकाबला इस सीट पर सीपीआई से रहा है। पहले चुनाव में भाजपा चौथे और दूसरे चुनाव में तीसरे स्थान पर रही है वहीं कांग्रेस सबरीमाला प्रकरण के बाद हुए ध्रुवीकरण के लाभ से भाजपा को वंचित करने के लिए?भी राहुल गांधी को चुनाव मैदान में उतार रही है। जाहिर है इससे केरल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा वहीं दूसरे दक्षिणी राज्यों में राहुल की मुहिम को लाभ मिलेगा। इस तरह कांग्रेस जहां राहुल गांधी के संसद में पहुंचने को लेकर आश्वस्त होना चाह रही है वहीं उनकी राष्ट्रीय छवि गढ़ने की कवायद भी कर रही है।

# चुनाव के दिन वोट डालने पर पेट्रोल पंप पर मिलेगी छूट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव नजदीक हैं और हर कोई अपने-अपने तरीके से वोटिंग के लिए मतदाताओं को जागरूक करने में जुटा है। अब मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन भी आगे आया है और इसके लिए उन्होंने वोटिंग के दिन मतदान करने पर ईंधन बिल में छूट देने का ऐलान किया है। अब मतदान के दिन अगर आप अपना वोट डालेंगे तो पेट्रोल पंप आपको ईंधन बिल पर 50 पैसे प्रति लीटर की छूट देंगे।



शुक्रवार को ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन (एआईपीडीए) ने एक बयान में कहा, हम मतदाताओं के बीच वोटिंग के लिए जागरूक करने के इरादे से प्रमोट वोटिंग मुहिम शुरू कर रहे हैं जिसके तहत वोट डालने पर 50 पैसे/लीटर की छूट मिलेगी। यह ऑफर इस मुहिम में हिस्सा लेने वाले पेट्रोल पंपों पर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध होगा। फायदा पाने के लिए ग्राहकों को अपनी उंगली पर वोटिंग का निशान दिखाना होगा।

एआईपीडीए के अध्यक्ष अजय बंसल ने कहा कि एक ग्राहक वोटिंग के दिन अधिकतम 20 लीटर ईंधन पर छूट पा सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि उन्हें उम्मीद है कि असोसिएशन के 58,000 डीलर सदस्यों में से कम से कम 90 प्रतिशत इस मुहिम में हिस्सा लेंगे। बंसल ने बताया कि इस सब्सिडी का बोझ तेल कंपनियां न उठाकर डीलर्स उठाएंगे।

पेट्रोल पंपों पर मौजूद स्टाफ भी पैंफलेट्स और दूसरी प्रचार सामग्री के साथ ग्राहकों को वोटिंग के लिए जागरूक करेंगे। बता दें कि देश में आम चुनाव 11 अप्रैल से 19 मई तक 7 चरण में होंगे। इन चुनावों में करीब 90 करोड़ लोग वोट देंगे।

देशभर में 64,000 पेट्रोल पंप हैं जिनमें से करीब एक-चौथाई ग्रामीण इलाकों में हैं। 90 फीसदी पेट्रोल पंपों का संचालन सरकारी कंपनियों द्वारा किया जाता है।

# महज 7 दिन में वाई-फाई से जुड़े 500 रेलवे स्टेशन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आपकी ट्रेन भले ही अक्सर लेट हो जाती हो, लेकिन स्टेशनों के वाई-वाई से जुड़ने की स्पीड जानकार आप हैरान रह जाएंगे। महज 7 दिन में भारतीय रेलवे के 500 स्टेशन वाई-फाई से लैस हो गए हैं। इसके साथ ही साहिबाबाद रेलवे स्टेशन रेलवायर वाई-फाई सुविधा वाला 1500वां स्टेशन बना है। रेलवे मंत्रालय के तहत काम करने वाली मिनी रत्न कंपनी रेलटेल को देश के सभी स्टेशनों को वाई-फाई से लैस करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 4,791 रेलवे स्टेशनों पर इस सुविधा को उपलब्ध कराने के लिए रेलटेल ने टाटा ट्रस्ट के साथ भी समझौता किया है। डिजिटल इंडिया पहल के तहत मोदी सरकार ने देश के सभी रेलवे स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा देने का वादा किया था।



# गिफ्ट बताकर भारत में माल बेच रही हैं चीनी कंपनियां

### सरकार ने कसा शिकंजा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गिफ्ट की आड़ में व्यापार और टैक्स चोरी पर नकेल का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में सरकार ने डाकघर एवं कुरियर कंपनियों से उस माल पर नजर रखने को कहा है जो चीनी ई कॉमर्स कंपनियों के माध्यम से भारत में आ रहा है। सूत्रों के अनुसार क्लब फैक्ट्री, अली एक्सप्रेस और शीन जैसी चाइनीज ई-कॉमर्स कंपनियां भारतीय खरीदारों को गिफ्ट बताकर सामान बेच रही हैं।

अधिकतर सामान की कीमत 5 हजार रुपये से कम की है क्योंकि भारत में 5 हजार रुपये तक के गिफ्ट पर कोई टैक्स नहीं लगता। यानि गिफ्ट की आड़ में व्यापार हो रहा है।

# खुशखबरी, डीडीए करेगा घर को संवारने में आपकी मदद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्लीवासियों के लिए डीडीए एक बार फिर खुशखबरी लेकर आया है। लेकिन इस बार खबर नए डीडीए फ्लैट्स की नहीं बल्कि पहले से डीडीए कॉलोनी में रह रहे लोगों के लिए है। दिल्ली डिवेलपमेंट अथॉरिटी अब डीडीए कॉलोनी में रह रहे लोगों की उनकी रेजिडेंशल बिल्डिंग की देखरेख में मदद करेगा। इसके अलावा ऑनलाइन होम सर्विस प्रोवाइडर्स की मदद से वहां मौजूद पार्कों को संवारने में भी डीडीए अपनी मदद देगा।



डीडीए सर्विस प्रोवाइडर्स का एक पैनल बनाएगा जो प्री-वेरिफाइड इलेक्ट्रिशियन, माली, प्लंबर, गार्ड, लिफ्ट ऑपरेटर, बागबानी और सफाई कर्मचारी मुहैया कराएंगे। डीडीए ने पहले ही ऐसे सर्विस प्रोवाइडर्स के चयन के लिए प्रपोजल इनवाइट कर दिए हैं।

### मेंटेनंस है मुख्य उद्देश्य

डीडीए के एक अधिकारी ने बताया, डीडीए कॉलोनी के आरडब्ल्यूए और दूसरी जगहों पर टेक्निकल सपॉर्ट देने के पीछे उद्देश्य है कि मेंटेनंस के काम में उनकी मदद करना ताकि देखरेख का यह काम ठीक तरह से हो सके। उन्होंने आगे बताया कि डीडीए अनुभवी एजेंसियों की एक लिस्ट मुहैया कराएगा जो रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन की अगुआई में काम करेंगे।

डीडीए अपनी रेजिडेंशल कॉलोनी के फ्लैटों की मेंटेनंस पजेशन देने तक ही करता है। कुछ समय बाद पार्क और डीडीए कॉलोनी की सड़कों की देखरेख भी संबंधित सिविक एजेंसियों को सौंप दी जाती है।

# इंडोनेशिया, इथियोपिया में एयरक्रैश के बाद बोइंग ने 737 मैक्स का उत्पादन 20 प्रतिशत घटाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पांच महीने से भी कम वक्त में बोइंग 737 मैक्स के साथ हुए दो भीषण हादसे के बाद संकटों से जूझ रही दिग्गज विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने इस विमान का उत्पादन इस महीने से कम करने का फैसला लिया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर यह जानकारी दी। बोइंग ने कहा कि वह मध्य अप्रैल से 737 मैक्स विमान के उत्पादन में लगभग 20 फीसदी की कटौती करेगी। फिलहाल कंपनी प्रति माह 52 विमानों का उत्पादन कर रही है, जो अब घटकर 42 हो जाएगी।



बोइंग ने कहा कि वह उड़ान नियंत्रण करने वाले सॉफ्टवेयर पर ध्यान देने के लिए यह कदम उठा रही है। दरअसल, कंपनी ने यह कदम यूं ही नहीं उठाया है। वह इससे पहले पिछले महीने ही इस विमान की आपूर्ति बंद कर चुकी है। कंपनी ने विमानों के डिजाइन एवं विकास की निगरानी करने के लिए निदेशक मंडल की एक विशेष समिति बनाने की भी घोषणा की।

मैक्स से दुनियाभर में उठा भरोसा

दरअसल, हादसों के बाद दुनियाभर में इस विमान की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं। पिछले दिनों बोइंग को उसकी प्रतिद्वंद्वी यूरोपीय कंपनी एयरबस ने जोर का झटका दिया। एयरबस ने चीन को 300 विमान बेचने के सौदे की घोषणा की। ग्राहकों का भरोसा अब बोइंग 737 मैक्स विमानों से उठ चला है, जिसके कारण वे अब एयरबस पर फोकस कर रहे हैं। केवल चीन ही नहीं, दुनियाभर के जिन-जिन देशों ने बोइंग को 737 मैक्स के लिए ऑर्डर दिए हैं, वे अब इसकी समीक्षा कर रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव 2019 में नहीं होगा व्हाट्सएप टिपलाइन का कोई उपयोग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** व्हाट्सएप की चेकपॉइंट टिपलाइन सेवा भारतीय यूजर को फर्जी खबर की रिपोर्ट करने में मदद करने वाला कोई हेल्पलाइन नंबर नहीं है, बल्कि यह फेसबुक के खुद के लिए डेटा संग्रह की एक शोध परियोजना है, जिससे फेसबुक को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि गलत सूचना किस प्रकार फैलती है।



मीडिया स्किल स्टार्टअप प्रोटो के अनुसार, चेकपॉइंट टिपलाइन सेवा हेल्पलाइन नहीं, बल्कि शोध परियोजना है। प्रोटो ने वेबसाइट पर एक एफएक्यू पोस्ट किया है, जिसमें उसने कहा, चेकपॉइंट टिपलाइन का इस्तेमाल मुख्य रूप से शोध के लिए डेटा संग्रह करने के लिए किया जाता है। यह कोई हेल्पलाइन नहीं है कि उससे हर यूजर को जवाब दिया जाएगा।

व्हाट्सएप के प्रवक्ता ने बजफीड न्यूज को इसकी पुष्टि की है कि घोषणा का यह मतलब नहीं था कि प्रत्येक अनुरोध पर जवाब दिया जाएगा। भारत में लोग गलत सूचना या अफवाह के बारे में व्हाट्सएप के चेकपॉइंट टिपलान को 91-9643-000-888 पर अपना अनुरोध सौंप सकते हैं।

# रसेल की एक और तूफानी पारी, आरसीबी के गेंदबाजों की जमकर हुई पिटाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आईपीएल 2019 के 17 वें मैच में कोलकाता ने बैंगलोर (आरसीबी) को 5 विकेट से हरा दिया। यह विराट की पांचवीं हार है। एक समय बैंगलोर की टीम मजबूत स्थिति में थी, लेकिन कैरेबियाई बल्लेबाज आंद्रे रसेल ने मैच का पासा पलट दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स ने 3 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में कोलकाता ने महज 19.1 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।

रसेल जब बल्लेबाजी करने उतरे तो कोलकाता को 26 गेंदों में 68 रनों की जरूरत थी। कोलकाता के कप्तान दिनेश कार्तिक जब आउट हुए तो 18 गेंदों पर 54 रनों की जरूरत थी। रसेल ने 18वें ओवर में तीन छक्के लगाकर मैच का नक्शा बदल दिया। इसके बाद पांच गेंद शेष रहते अपनी टीम को जीत दिला दी। रसेल ने इस पारी में 369.45 की स्ट्राइक रेट से केवल 13 गेंदों पर 48 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने एक चौका और सात छक्के लगाए।



रसेल निचले क्रम में बल्लेबाजी करने आते हैं। इससे पहले उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ मैच में भुवनेश्वर कुमार को जमकर धोया था। इस दौरान उन्होंने इनके एक ओवर में 21 रन बनाए और कोलकाता को मैच जीता दिया। उस वक्त भी टीम को जीत के लिए दो ओवर में 34 रन बनाने थे। रसेल ने इसके अलावा इस साल अभी तक 4 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 103.50 की औसत से 207 रन बनाए हैं।

# देश की सबसे बड़ी कंपनी वीडियोकॉन होगी दिवालिया घोषित



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश की सबसे बड़ी कंपनी वीडियोकॉन दिवालिया घोषित होने की कगार पर है। जानकारी के अनुसार कंपनी पर 90 हजार करोड़ रूपए का बकाया है। कंपनी के दिवालिया घोषित होने को लेकर बैंकों के 90 हजार करोड़ रुपए भी डूबने के आसार है। वीडियोकॉन समूह के चेयरमैन वेणुगोपाल धूत ने कहा है कि पिछले साल कर्ज लौटाने में डिफॉल्ट के बाद एसबीआई ने एनसीएलटी में याचिका दी थी। दिवालिया कानून के नियमों के मुताबिक कंपनी के बोर्ड को निलंबित कर दिया गया है। रोज के कामकाज के लिए रिजोल्यूशन प्रोफेशनल की नियुक्ति की गई है। समूह की इस घोषणा के बाद से 54 बैंकों की बैलेंस शीट पर असर पड़ने की संभावना है।

# आज का राशिफल

**मेषः-** आज अनावश्यक क्रोध विवाद का कारण बन सकता है। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं, खर्च अथवा निवेश सोच-समझकर करें।

**वृषभः-** लाभदायक एवं उन्नतिकारक दिन है। जिस कार्य को करने के लिए आज आप घर से निकलेंगे वह कार्य अवश्य ही पूरा होगा। अचानक लाभ होगा।

**मिथुनः-** कार्य व्यापार में उन्नति का दिन है। आज किया हुआ कार्य दो दिन बाद सफलता दिलाएगा। आपके निर्णय सही साबित होंगे।

**कर्कः-** भाग्य की मदद प्राप्त हो रही है, सभी कार्य समय पर पूर्ण होंगे। भाग्य आज आपका साथ देने को बेताब है, कर्म करते जाएं और सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें।

**सिंहः-** आज यात्रा करने से परहेज करें। किसी से अनावश्यक वाद-विवाद अथवा चोट-चपेट की घटनाएं चिंता का कारण हो सकती हैं।

**कन्याः-** नए व्यवसाय में प्रवेश का अवसर प्राप्त होगा, कारोबार में तरक्की होगी। उन्नतिदायक दिन है। आज कोई मेहमान अथवा रिश्तेदार घर आएंगे और समय मनोरंजनपूर्वक व्यतीत होगा।

**तुलाः-** शत्रु परास्त होंगे, शुभ समाचार मिलेगा, रुका हुआ धन प्राप्त होगा, इच्छाओं की पूर्ति होगी, किसी की मदद करके मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिकः-** आज आपकी चिंताओं का शमन होगा, प्रतिष्ठित लोगों से संपर्क बनेगा, आज आपको जान-पहचान से लेकर अनजान व्यक्ति तक से मदद मिलेगी। पूर्ण विश्वास के साथ काम करें।

**धनुः-** अचानक आज कार्य में अवरोध आ सकता है, सोच-समझकर ही कार्य करें, दूसरों की आलोचना करने से बचें वरना व्यर्थ का वाद-विवाद आपको मानसिक पीड़ा दे सकता है।

**मकरः-** आज पराक्रम दिखाने का दिन है ग्रह-नक्षत्र आज आपके साथ हैं, चिंतारहित होकर कार्य करें, विजयश्री आपके मस्तक पर विराजमान होगी।

**कुंभः-** निवेश सोच-समझकर करें, धन के अपव्यय के संकेत, मान-सम्मान में कमी, अनावश्यक तनाव स्वास्थ्य को कष्ट दे सकता है।

**मीनः-** आज मन की मुरादें पूरी करने का दिन है, हर संभव प्रयास करें, न्यायपूर्वक एवं तर्कपूर्वक कार्य सफलतादायक रहेंगे।

# अडाई डोसा बनाने की विधि जानिए

अक्सर सभी लोग सुबह के नाश्ते मे कुछ हेल्दी होना चाहिए। जो आपको दिन भर ऊर्जावान रखे। तो आज जानते है अडाई डोसा रेसिपी के बारे मे जो आसानी से बनाई जा सकती है।



### सामग्री-

1/2 कप चावल
1/2 कप तुअर दाल
1/2 कप उड़द दाल
1/2 कप मूंग दाल
1/2 कप चना दाल
1 हल्दी चुटकी भर
1 हींग चुटकी भर
2 चम्मच जीरा
करी पत्ता और लाल मिर्च
नमक स्वादानुसार

### विधि-

सबसे पहले चावल और सभी दालों को पानी मे 3 घंटे के लिए भीगा दें। उसमें करी पत्ता और लाल मिर्च भी डाल दें और मिक्सी मे पानी डाल कर बारीक पीस लें। अब डोसे जैसा घोल तैयार कर लें उसमें नमक और हींग मिला कर मिक्स कर लें। अब डोसा तवा गरम करें। थोड़ा तेल डाल कर कपड़े से पोछ लें। अब उसमे एक बड़ा चम्मच डोसे का घोल डाले और चारों तरफ फैला दें। अब एक छोटा चम्मच तेल डालें फिर पलट कर थोड़ा सुनहरा होने तक सेक लें। ऐसे करके सारे डोसा तैयार करे। अब आपके डोसा तैयार है इसे नारियल की चटनी के साथ गरमा-गरम सर्व करे।

# शब्द सामर्थ्य-26

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 25 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# सू-दोकू-26

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.25 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |